सत्यमेव जयते

भारत का प्रधान कौंसलावास

शिकागो

****

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

भारतीय कौंसलावास, शिकागो द्वारा विश्व हिंदी दिवस 2021 के अवसर पर परस्पर संवादात्मक सत्र

भारतीय कौंसलावास, शिकागो द्वारा अमेरिका के मध्य-पश्चिम में हिंदी अध्ययन को बढ़ावा देने के लिए हिंदी में सक्रिय शिक्षाविदों, व्यक्तियों और संस्थानों के साथ 14 जनवरी 2021 को एक आभासी संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्यों एवं भारतीय मित्रों के मध्य हिंदी भाषा के अध्ययन संबंधी गतिविधियों और प्रयासों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना चर्चा का मुख्य केंद्र रहा।

कौंसुल जनरल अमित कुमार ने अपने स्वागत उद्बोधन में हिंदी अध्ययन में संलग्न विश्वविद्यालयों, भारतीय अमेरिकी व्यक्तियों एवं अन्य संगठनों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें अमेरिका के मध्य-पश्चिम में हिंदी के अध्ययन के साथ-साथ अन्य भारतीय भाषाओं के लिए कौंसलावास के सहयोग का आश्वासन दिया। कौंसुल जनरल ने हिंदी के संवर्धन के लिए रंगमंच संस्थाओं एवं संजातीय इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से संबंधित मंचों की महत्वपूर्ण भूमिका का भी संज्ञान लिया । उन्होंने हिंदी समन्वय समिति के माध्यम से इन माध्यमों के साथ कौंसलावास के निरंतर संपर्क को रेखांकित किया।

इस सत्र में प्रमुख रूप से मिशिगन विश्वविद्यालय के दक्षिण एशियाई भाषा कार्यक्रम के निदेशक सैयद इख्तियार अली, इलिनोइस विश्वविद्यालय अर्बाना-शैंपेन के दक्षिण

एशियाई भाषा विभाग के निदेशक, प्रोफेसर मिथिलेश मिश्रा, विस्कॉन्सिन विश्वविद्यालय वे दक्षिण एशिया विभाग की सहायक निदेशक डॉ. सारा बेकहम सम्मिलित हुए।

इन सभी ने विश्वविद्यालय स्तर पर हिंदी की प्रगति और संवर्धन पर अपना दृष्टिकोण रखा। इन विश्वविद्यालयों के कुछ अमेरिकी मूल के छात्रों ने भी हिंदी सीखने के अपने अनुभव के बारे में बताया।

बाल विहार-शिकागो; हिंदी गुरुकुल-औरोरा के प्रतिनिधियों, विस्कॉन्सिन से सुश्री सुनीता मेहरोत्रा, मिशिगन से सुश्री नीलम कनोडिया ने अपने अपने हिंदी शिक्षण अनुभव के बारे में चर्चा की। हिंदी समन्वय समिति में सक्रिय सदस्य, हिंदी क्लब ऑफ इलिनोइस, मंडी थिएटर और ड्रामाटेक ऑफ अमेरिका के प्रतिनिधि भी संवादात्मक सत्र में शामिल हुए।

*****

शिकागो
14 जनवरी 2021